जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

7 नवंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया की क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में उल्लेखनीय सुधार

लंदन की क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग एजेंसी द्वारा जारी क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) को 188वें स्थान पर रखा गया है, जोकि पिछले साल 206 स्थान से बेहतर स्थान है। प्रतिष्ठित क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025, जो अब तक की सबसे बड़ी रैंकिंग है, इसमें 984 शीर्ष एशियाई विश्वविद्यालय शामिल हैं।

जामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है। यह शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।

जामिया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। जामिया आने वाले वर्षों में अपनी रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए अपने प्रयास जारी रखेगा।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया